इंदौर | शनिवार । 21 फरवरी, 2026 । वर्ष 66 । अंक 30 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00

navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 जनरल द्विवेदी ने बहुराष्ट्रीय सुरक्षा पर दिया जोर



6 अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी पर विशेष आलेख



7 पीएलआई में 2.16 लाख करोड़ का निवेश



8 न्यूजीलैंड ने 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की

# एआई कंटेंट पर लेबलिंग और 3 घंटे में हटाने का नियम लागू

**20** फरवरी 2026 से लागू हो गए नियम

**10** फरवरी को जारी किया था नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली, 20 फरवरी. अब अगर कोई फोटो, वीडियो या ऑडियो एआई की मदद से बनाया गया है, तो उस पर 'एआई जनरेटेड' लेबल लगाना अनिवार्य होगा. नए नियम 20 फरवरी 2026 से लागू हो गए हैं. इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट को शिकायत मिलने के 3 घंटे के भीतर हटाना होगा. 10 फरवरी को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया था.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी को एआई समिट में सुझाव दिया था कि डिजिटल कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए, जैसे खाने पर न्यूट्रिशन लेबल होता है. इससे पता चलेगा कि कंटेंट असली है या एआई से बनाया गया है.



**नए नियमों में ये तीन मुख्य बातें हैं शामिल...**

1. एआई लेबल और डिजिटल स्टैम्प : हर एआई फोटो, वीडियो या ऑडियो पर स्पष्ट लेबल होगा.
2. टेक्निकल मार्कर/मेटाडेटा : फाइल के अंदर डिजिटल डीएनए रिकॉर्ड रहेगा, जिसमें निर्माण तारीख, एआई टूल और पहली बार अपलोड की जानकारी होगी.
3. छेड़छाड़ पर रोक : लेबल या मेटाडेटा हटाने की कोशिश करने पर कंटेंट डिलीट हो जाएगा.

➡ यदि एआई का इस्तेमाल चाइल्ड पोर्नोग्राफी, धोखाधड़ी, हथियार या किसी की नकल के लिए किया गया, तो इसे गंभीर अपराध माना जाएगा. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स यूजर के डिस्क्लोज़र की जांच करेंगे और नियमों का उल्लंघन करने पर जिम्मेदार ठहराए जाएंगे.

➡ सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, यह कदम 'ओपन, सेफ, ट्रस्टेड और अकाउंटेबल इंटरनेट' बनाने और एआई से होने वाली मिस-इन्फॉर्मेशन व चुनावी मैनिपुलेशन जैसी समस्याओं को रोकने के लिए उठाया गया है.

## साइबर अपराध में 68 आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु, 20 फरवरी.** कर्नाटक में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए गए राज्यव्यापी विशेष अभियान में साइबर कमांड ने 68 मुख्य आरोपियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. पुलिस महानिदेशक प्रणब मोहंती के अनुसार यह अभियान दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच 'म्यूल बैंक खातों' के नेटवर्क को तोड़ने के लिए चलाया गया. म्यूल खाते वे बैंक खाते होते हैं जिनका उपयोग साइबर ठग अवैध धन के लेनदेन और उसे छिपाने के लिए करते हैं. अभियान के दौरान 60 मामले दर्ज किए गए और 869 ऐसे खातों की पहचान हुई, जिन पर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 8,788 शिकायतें दर्ज थीं. इन मामलों में करीब 85.05 करोड़ रुपये की ठगी सामने आई, जिसमें से 13.43 करोड़ रुपये को होल्ड पर रखा गया. जांच के दौरान 35 छापों में एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, चेकबुक और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई. साइबर कमांड ने इसे राज्य में साइबर और वित्तीय सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया.



# वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरुआत

- **शाह ने असम में 6900 करोड़ से की शुरुआत**
- **कांग्रेस ने सीमाओं पर ध्यान नहीं दिया**

**गुवाहाटी, 20 फरवरी. असम के कछार जिले में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 6,900 करोड़ की 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण की शुरुआत की. यह योजना देशभर के 15 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 1,954 सीमावर्ती गांवों को कवर करेगी. शाह ने कहा कि योजना का उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों से पलायन रोकना और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से घुसपैठ पर अंकुश लगाना है.**

शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व सरकार ने सीमाओं की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया, जिससे असम में घुसपैठ बढ़ी. उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में राज्य के विकास को नई दिशा दी है और अगले पांच वर्षों में इसे बाढ़मुक्त बनाने का लक्ष्य है. वर्तमान में असम में हर दिन 14 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है और राज्य स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में हब बन चुका है.

दौरे के दौरान शाह नाथनपुर स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा चौकी का निरीक्षण करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे. वे गुवाहाटी में [illegible] के वार्षिक दिवस परेड में शामिल होंगे, जो पहली बार पूर्वोत्तर में आयोजित की जा रही है. इसके अलावा सोनापुर के कसुतोली में 10वीं असम पुलिस बटालियन के नए परिसर की आधारशिला भी रखेंगे. शाह का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता, सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास और सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों को बल देता है.

## एक नजर में



### गौरव गोगोई को निशाने पर लेना गलत : प्रियंका

**गुवाहाटी.** असम दौरे के दूसरे दिन कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को कहा कि असम के सीएम चुनाव से पहले गौरव गोगोई और उनके परिवार को 'पाकिस्तान लिंक' जैसे आरोपों में घसीटना पूरी तरह गलत राजनीति है. उन्होंने कहा कि भाजपा को विकास पर चर्चा करने के बजाय निजी आरोप लगाने की आदत है. प्रियंका ने जोर देकर कहा कि यह निशाना बनाना उनके लिए सम्मान की बात है और असम की जनता सच जानती है. प्रियंका ने असम सरकार पर 20 पॉइंट्स की चार्जशीट भी जारी की, जिसमें राज्य में महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और योजनाओं के चुनावी इस्तेमाल पर सवाल उठाए गए हैं.

### ओसवाल डिजिटल अरेस्ट केस में आरोप-पत्र

**नयी दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर कार्यालय ने शुक्रवार को उद्योगपति एसपी ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में रूमी कलिता, अर्पित राठौर, आनंद चौधरी, अतनु चौधरी और उनकी फर्म फ्रोजनमैन वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया . ईडी ने लुधियाना के साइबर अपराध पुलिस स्टेशन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपनी जांच शुरू की. एजेंसी के अनुसार जांच से पता चला कि आठ अन्य साइबर अपराध मामलों से हुई कमाई भी 2024 में फ्रोजनमैन वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स के बैंक खाते में जमा की गई थी.

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात की मौत

**वलसाड.** गुजरात के वलसाड जिला में कपारड़ा-नानापोंढा हाईवे पर कुंभघाट के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, मृतक कपारड़ा तालुका के अंबा जंगल गांव के निवासी थे और कार में सवार सभी सात लोग पांच पुरुष और दो महिलाएं हादसे का शिकार हुए. यह दुर्घटना कुंभघाट के उस तीखे मोड़ पर हुई, जिसे पहले से ही दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र माना जाता है. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार लोग अंदर फंस गए.

### टोल प्लाजा पर नकद भुगतान होगा बंद

**नयी दिल्ली.** सरकार एक अप्रैल से राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद करने पर विचार कर रही है. प्रस्ताव लागू होने पर सभी टोल भुगतान केवल फास्टैग या यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों से किए जाएंगे. इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन को मजबूत बनाना और टोल संचालन की दक्षता बढ़ाना है. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, फास्टैग का उपयोग 98 प्रतिशत से अधिक हो चुका है, जिससे टोल वसूली में बड़ा बदलाव आया है. डिजिटल भुगतान से टोल प्लाजा पर भीड़भाड़, प्रतीक्षा समय और लेन-देन विवाद कम होंगे.

# रोगी केंद्रित स्वास्थ्य मॉडल पर दें ध्यान : नड्डा

**चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी**

**नई दिल्ली, 20 फरवरी. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश में एम्स को रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य मॉडल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है. उन्होंने शुक्रवार को अखिल भारतीय एम्स अध्यक्षों और कार्यकारी निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नए एम्स संस्थागत मूल्यों को बनाए रखते हुए रोगी देखभाल और शिक्षा में विश्व-स्तरीय मानक स्थापित करें.**



नड्डा ने एम्स को सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाने के लिए संरचित आउटरीच कार्यक्रम और जन औषधि केंद्र, अमृत फार्मेसी जैसी सुविधाओं पर जोर देने को कहा. उन्होंने कहा कि संस्थागत नेतृत्व को प्रशासनिक दक्षता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का मिश्रण अपनाना चाहिए, जिससे रोगी संतुष्टि और शिक्षण गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो सकें. स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स नेटवर्क के समन्वय और संस्थागत सहयोग पर बल दिया और 20 एम्स द्वारा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अनुसंधान संघ के गठन की सराहना की.

> नड्डा ने आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया और दुर्लभ बीमारियों, आनुवंशिक विकार और मेडिकल टेक्नोलॉजी नवाचार में एम्स की भूमिका बढ़ाने की आवश्यकता बताई. उन्होंने स्पष्ट किया कि बढ़ी हुई क्षमता के बावजूद एम्स के गुणवत्ता मानक और प्रतिष्ठा में कोई कमी नहीं आनी चाहिए. एम्स को न केवल रोगी देखभाल और शिक्षा में उत्कृष्ट बनाना है, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य और अनुसंधान में भी एक सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित करना होगा.

# मानव हित में होना चाहिए एआई : सीएम

## हम एआई को सुशासन और सबके विकास के लिए अपनाएंगे

**नई दिल्ली, 20 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तकनीक तभी सार्थक है जब वह मानव हित में उपयोगी सिद्ध हो। नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में उन्होंने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश एआई को सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास के साधन के रूप में अपनाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश जल्द ही 'स्टेट एआई मिशन' लॉन्च करेगा, जो शासन प्रणाली, सार्वजनिक सेवाओं और आर्थिक अवसरों को तकनीक आधारित रूप में मजबूत करेगा।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और प्रशासन में एआई के उपयोग से निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और योजनाओं का लाभ आम नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। किसानों के लिए फसलों की बीमारियों की समय पर पहचान, बहुफसलीय खेती और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में दूरस्थ इलाकों तक बेहतर उपचार और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों से लड़ने में भी एआई सहायक होगा। उन्होंने प्रदेश में एआई आधारित बड़े डेटा सेंटर की स्थापना और निवेशकों को आमंत्रित करने की घोषणा की।

# सर्बिया के राष्ट्रपति ने भारत एआई समिट की सफलता पर दी बधाई

**नई दिल्ली ,20 फरवरी. भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने आयोजन की सफलता के लिए भारत को बधाई दी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ) के क्षेत्र में भारत की पहल की सराहना की.**

राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि यह समिट सीखने और सहयोग को मजबूत करने का बेहतरीन अवसर रहा, जिससे सुरक्षित और संतुलित एआई वातावरण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को प्रेरणादायक बताया.

समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति वुसिक के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई.



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, निवेश, एआई, फिनटेक, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और जन-जन संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की. उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया और भारत-सर्बिया की पारंपरिक मित्रता को दोहराया. पांच दिवसीय समिट में 110 से अधिक देशों और 30 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया.

# पैक्स सिलिका समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, 20 फरवरी. भारत ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित समारोह में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे और एआई संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था को सुरक्षित बनाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई.**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे भविष्य निर्माण का क्षण बताया और कहा कि भारत के इंजीनियर अब दुनिया की सबसे उन्नत चिप डिजाइन कर रहे हैं, जिससे सेमीकंडक्टर उद्योग में लगभग दस लाख नए पेशेवरों की आवश्यकता होगी.



अमेरिका के आर्थिक, ऊर्जा और पर्यावरण मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने इसे साझा भविष्य का रोडमैप बताया. उन्होंने कहा कि यह पहल पूरी सिलिकॉन श्रृंखला—खनिज खदानों से फैब्स और डेटा सेंटर तक—को सुरक्षित करेगी. अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत की भागीदारी को रणनीतिक और आवश्यक बताया और कहा कि पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को परिभाषित करेगा. गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह सुरक्षित सप्लाई चेन और व्यावसायिक साझेदारी को बढ़ावा देगा.

# विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने दिया इस्तीफा

**भोपाल, 20 फरवरी . मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. यह इस्तीफा उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को सौंपा.**



प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि कटारे ने पारिवारिक दायित्व और समय की कमी को कारण बताते हुए इस्तीफा दिया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में वे अपने विधानसभा क्षेत्र को अपेक्षित समय और ध्यान नहीं दे पा रहे थे, इसलिए उन्होंने उप नेता प्रतिपक्ष के पद से त्यागपत्र दिया. यह इस्तीफा केवल पद से संबंधित है और वे पार्टी के सदस्य बने रहेंगे.

उप नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार किया जाए या नहीं, इसका अंतिम निर्णय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के विवेकाधिकार पर निर्भर होगा.

**कार्यवाही** | विपक्ष ने दिया स्थगन प्रस्ताव, स्थगन की ग्राह्यता पर हुई सदन में चर्चा

# सदन में लगातार दूसरे दिन भागीरथपुरा मामले में हंगामा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 फरवरी.** विधानसभा में शुक्रवार को एक बार फिर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौत का मामला गरमाया रहा, विपक्षी सदस्यों ने इसे लेकर दिये स्थगन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा की मांग की, अध्यक्ष ने स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति दी, लेकिन बाद में स्थगन पर चर्चा की अनुमति नहीं दी, जिससे नाराज विपक्ष ने जमकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा. बाद में सदन समवेत होने पर भी विपक्ष स्थगन पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा, लेकिन जब आसंदी ने स्थगन पर चर्चा की अनुमति नहीं दी तो फिर विपक्ष ने वाकआउट कर दिया.



सदन में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लोगों की मौत के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कुल 10 सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं दी थी. चूंकि इस मामले में गुरुवार को भी सदन में प्रश्न करने की अनुमति दी गई थी, उसके बाद सदन में चर्चा के दौरान कई बार गतिरोध की स्थिति भी बनी. इस पर अध्यक्ष ने शुक्रवार को चर्चा कराने का आश्वासन दिया था. इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति यह कहकर दी कि ये मामला अभी सब ज्यूडियश है. उसके बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने इस पर सरकार की ओर से पक्ष रखा. उन्होंने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जहां घटना हुई भागीरथपुरा ये बहुत पुरानी बस्ती है, लगभग 80 से 90 वर्ष पुरानी है. ये मानो कि ये धारावी का छोटा रूप है. यहां ज्यादातर अशिक्षित लोग रहते हैं.

( शेष पेज 9 पर )

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष रोकने में मेरी पहल निर्णायक : ट्रंप

**वॉशिंगटन, 20 फरवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित संघर्ष को रोकने के लिए दोनों देशों को 200% टैरिफ की चेतावनी दी थी.**

ट्रम्प के मुताबिक, तब हालात बहुत खराब थे और लड़ाई तेज हो गई थी, विमान गिराए जा रहे थे. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को फोन कर साफ कहा कि अगर झगड़ा जारी रहेगा तो कोई ट्रेड डील नहीं होगी. ट्रम्प ने दावा किया कि इस टकराव में 11 महंगे



फाइटर जेट्स गिराए गए थे. उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उनके चीफ ऑफ स्टाफ के सामने कहा कि ट्रम्प की पहल के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध टल गया. ट्रम्प ने कहा कि अगर यह टकराव नहीं रुका होता, तो करीब 2.5 करोड़ लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी. शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को दक्षिण एशिया का रक्षक बताया.